हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार 3 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 18 .5 डिग्री
न्यूनतम 4 .5 डिग्री

11 उपलब्धिः पांच दशक बाद एमडीयू के लोगो को ...



12 डेढ़ करोड़ से होगा लिंक मार्ग का निर्माण ...



## शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।
- रोडवेज डिपो में कर्मचारी यूनियन की मीटिंग।

**बिजली बाधित**

- सुबह 11 बजे से 3 बजे तक

श्री नगर कॉलोनी, न्यू चिनोट कॉलोनी, साईं बाबा मंदिर के पास।

# शहर थाना की पुलिस का मानवीय कदम, दिवंगत होमगार्ड जवान राहुल के परिवार को स्टाफ ने दिया 1.01 लाख रुपये का सहारा

### होमगार्ड राहुल के आकस्मिक निधन के बाद परिवार आ गया था आर्थिक तंगी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर थाना में तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने मानवता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक अनुकरणीय पहल की है। थाना शहर रोहतक में तैनात होमगार्ड जवान राहुल के आकस्मिक निधन के बाद उसके परिवार पर आई आर्थिक और मानसिक विपदा को देखते हुए थाना स्टाफ ने अपने मासिक वेतन से स्वेच्छा से अनुदान राशि एकत्रित की। इस राशि के रूप में कुल एक लाख एक हजार रुपये दिवंगत जवान के परिजनों को सहानुभूति स्वरूप प्रदान किए गए।



रोहतक। होमगार्ड जवान राहुल की बेटी को अनुदान राशि देते पुलिस अधिकारी।

### आकस्मिक निधन से टूटा दुखों का पहाड़

होमगार्ड जवान राहुल के अचानक निधन से न केवल पुलिस विभाग बल्कि उसका परिवार भी गहरे सदमे में है। राहुल अपने पीछे पत्नी और तीन छोटी बेटियों को छोड़ गया है। परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए थाना शहर रोहतक में तैनात सभी कर्मचारियों ने यह महसूस किया कि इस कठिन समय में परिजनों का साथ देना उनका नैतिक कर्तव्य है। इसी भावना के तहत पूरे स्टाफ ने आपसी सहमति से अपने-अपने वेतन से अंशदान देने का निर्णय लिया।

### पुलिस परिवार ने निभाया अपना फर्ज

थाना शहर के अधिकारियों ने कहा कि पुलिस केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने का कार्य ही नहीं करती, बल्कि समाज और अपने सहकर्मियों के प्रति भी जिम्मेदारी निभाती है। राहुल पुलिस परिवार का हिस्सा था और उसके परिवार की पीड़ा को पूरा स्टाफ अपनी पीड़ा मानता है। इस अवसर पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने परिवार को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया।

### समाज के लिए प्रेरणादायक पहल

शहर रोहतक पुलिस की यह पहल समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश देती है। आपसी सहयोग, संवेदना और मानवीय मूल्यों की मिसाल पेश करते हुए पुलिसकर्मियों ने यह साबित किया है कि वर्दी के पीछे भी संवेदनशील दिल धड़कते हैं। इस मानवीय कदम की क्षेत्र में सराहना हो रही है और लोग पुलिस स्टाफ की इस एकजुटता की प्रशंसा कर रहे हैं। यह पहल न केवल दिवंगत जवान के परिवार को संबल देगी, बल्कि समाज में आपसी सहयोग और सहानुभूति की भावना को भी मजबूत करेगी।

### तीन बेटियों के भविष्य को लेकर चिंता

राहुल की तीनों बेटियां अभी छोटी हैं। परिवार के सामने सबसे बड़ी चिंता उनके पालन-पोषण और भविष्य की है। थाना स्टाफ द्वारा दी गई यह सहायता भले ही छोटी लगे, लेकिन संकट की इस घड़ी में यह परिवार के लिए बड़ा सहारा साबित हो सकती है। स्टाफ ने आशा जताई कि भविष्य में भी विभागीय स्तर पर परिवार को मिलने वाली सभी सहायता समय पर दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### डॉ. मंगल सेन के नाम पर बनाया कम्यूनिटी सेंटर

**रोहतक।** डॉ मंगल सेन विचार मंच के अध्यक्ष मनोहर लाल वधवा ने बताया कि मानसरोवर पार्क के नजदीक स्थित श्री राम रंगशाला के पास डॉ मंगल सेन के नाम पर कम्यूनिटी सेंटर बनाने की मांग को मंजूरी मिली है। लगभग 16 करोड़ की लागत से यह कम्यूनिटी सेंटर 6 माह में तैयार हो जायेगा। मनोहर लाल वधवा सहित डॉ मंगल सैन के सहयोगी रहे निजी सचिव मदनलाल आहुजा, सतीश कत्याल, सुनील आहुजा, राधेश्याम ढल, अशोक खुराना, दीपू नागपाल, प्रवीन कौशिक आदि ने खुशी जाहिर की है।



**रोहतक।** बच्चों के साथ चेयरमैन एडवोकेट सतीश कौशिक व चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के सदस्य।

### होटल में बाल मजदूरी करते 3 बच्चों का रेस्क्यू

**रोहतक।** सुखपुरा चौक स्थित एक मिठाई की दुकान एवं होटल से बाल मजदूरी कर रहे तीन बच्चों को रेस्क्यू किया गया। पकड़े गए बच्चों में दो की उम्र 10 और 14 वर्ष तथा एक बच्चे की उम्र 16 वर्ष पाई गई। तीनों बच्चे उत्तर प्रदेश के रहने वाले बताए जा रहे हैं और होटल में मजदूरी कर रहे थे। रेस्क्यू के बाद तीनों बच्चों को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के चेयरमैन सतीश कौशिक मौजूद रहे।

## परिजनों की मांग पर डीजीपी ने केस भिवानी से ट्रांसफर किया, अब खुलेंगे राज

# रोहित धनखड़ हत्याकांड मामले की जांच अब रोहतक पुलिस करेगी

### भिवानी पुलिस पर लगातार उठ रहे थे सवाल

*जांच से असंतुष्ट चल रहे परिजनों और पंचायत ने मुख्यमंत्री से भी मांगा था न्याय*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गांव हमायूंपुर निवासी बॉडी बिल्डर रोहित धनखड़ की हत्या के मामले में बड़ा प्रशासनिक फैसला लिया गया है। डीजीपी कार्यालय से जारी निर्देशों के बाद इस बहुचर्चित हत्याकांड की जांच भिवानी पुलिस से हटाकर रोहतक पुलिस को सौंप दी गई है। मामले को लेकर लंबे समय से असंतुष्ट चल रहे परिजनों को डीजीपी कार्यालय की ओर से इसकी आधिकारिक सूचना दे दी गई है। अब रोहतक के पुलिस अधीक्षक द्वारा इस केस को सीआईए शाखा को सौंपे जाने की संभावना है, ताकि निष्पक्ष और तेज जांच सुनिश्चित की जा सके।

### न्याय की उम्मीद जगी

केस ट्रांसफर होने के बाद रोहित धनखड़ के परिजनों ने कुछ राहत की सांस ली है। सतीश धनखड़ ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि रोहतक पुलिस निष्पक्ष तरीके से जांच करेगी और सभी आरोपियों को कानून के कटघरे में लाएगी। परिवार का कहना है कि वे केवल रोहित के लिए न्याय चाहते हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### भिवानी में छेड़छाड़ करने से रोकने पर हुआ था हमला



बॉडी बिल्डर रोहित धनखड़ 28 नवंबर को अपने दोस्त जतिन, निवासी गांव बौंदकला के साथ भिवानी गया था। जतिन की बहन की ननद की शादी थी, जिसमें दोनों शामिल हुए थे। शादी समारोह के दौरान तिगड़ाना गांव से आई बारात में शामिल कुछ युवकों ने युवतियों से छेड़छाड़ की तो रोहित ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस पर उसकी युवकों के साथ कहासुनी हो गई थी। उस समय तो मामला शांत हो गया, लेकिन बाद में उन्हीं युवकों ने रास्ते में रोहित को घेर लिया और रोहित के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां बाद में उसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया। इलाज के दौरान रोहित ने दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में रोष फैल गया और परिवार ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग शुरू कर दी।

### पंचायत स्तर पर कई बैठकें हो चुकी

इस मामले को लेकर पहले भी पंचायत स्तर पर बैठकें हो चुकी हैं। पंचायत ने प्रशासन को एक सप्ताह का समय देते हुए चेतावनी दी थी कि यदि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। अब केस ट्रांसफर होने से पंचायत और समाज के लोगों को भी उम्मीद जगी है कि जल्द ही मामले में ठोस कार्रवाई देखने को मिलेगी। फिलहाल रोहतक पुलिस द्वारा केस की फाइलों और साक्ष्यों का अध्ययन किया जा रहा है। आने वाले दिनों में जांच की दिशा और गति तय होगी। रोहित हत्याकांड अब एक नए मोड़ पर है और सभी की नजरें पुलिस की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

### अब तक केवल पांच आरोपी ही गिरफ्तार

रोहित धनखड़ के चाचा सतीश धनखड़ ने भिवानी पुलिस की जांच पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि घटना के बाद भिवानी पुलिस ने अब तक केवल पांच आरोपियों को ही गिरफ्तार किया है, जबकि कई आरोपी अभी भी खुलेआम घूम रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने न तो फरार आरोपियों को भगोड़ा घोषित किया और न ही उनकी संपत्तियों को कुर्क करने की कोई कार्रवाई की गई। सतीश धनखड़ का कहना है कि इस ढिलाई के चलते परिवार में भारी असंतोष था। उन्हें आशंका थी कि स्थानीय प्रभाव, राजनीतिक दबाव या सामाजिक संरक्षण के कारण जांच प्रभावित हो रही है। भिवानी पुलिस की जांच से संतुष्ट नहीं था और निष्पक्ष जांच की मांग कर रहा था।

### 29 दिसंबर को डीजीपी ने 1 सप्ताह का समय मांगा था

परिजनों ने इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक से भी मुलाकात की थी। उन्होंने स्पष्ट रूप से मांग रखी थी कि यदि भिवानी पुलिस निष्पक्ष जांच नहीं कर पा रही है तो केस को किसी अन्य जिले की पुलिस को सौंपा जाए। सतीश धनखड़ ने बताया कि 29 दिसंबर को डीजीपी से मुलाकात कर उन्हें एक सप्ताह का समय दिया गया था, ताकि उचित निर्णय लिया जा सके। परिजनों की मांग और उपलब्ध तथ्यों को देखते हुए डीजीपी कार्यालय ने मामले की समीक्षा की और समय रहते केस को भिवानी से ट्रांसफर करने का फैसला लिया। इसके तहत अब यह मामला रोहतक पुलिस को सौंप दिया गया है।

### जांच विशेष टीम को सौंपी जाएगीः एसपी

डीजीपी कार्यालय से निर्देश जारी होने के बाद अब रोहतक पुलिस ने औपचारिक रूप से केस अपने हाथ में ले लिया है। रोहतक के पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरिया की ओर से जल्द यह तय किया जाएगा कि मामले की जांच किस विशेष टीम को सौंपी जाएगी। संभावना जताई जा रही है कि केस को सीआईए शाखा को दिया जाएगा, ताकि सभी पहलुओं की गहनता से जांच हो सके। परिवार को भरोसा दिलाया गया है कि जांच की प्रगति और आगे की कार्रवाई के बारे में उन्हें समय-समय पर जानकारी दी जाएगी। रोहतक पुलिस की प्राथमिकता होगी कि फरार आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और मामले में मजबूत चार्जशीट तैयार की जाए।

*लड़की के शव के पोस्टमॉर्टम के बाद डॉ. सुरेश ने एक चैनल पर गैंगरेप होने की कही थी बात*

# रिटायरमेंट से सिर्फ 29 दिन पहले डॉ. धत्तरवाल सस्पेंड

### वीसी डॉ. एच के अग्रवाल ने जारी किए निर्देश

- कमेटी ने अपनी जांच पूरी करने के बाद 25 दिसंबर 2025 को सौंपी थी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (पीजीआईएमएस) के वरिष्ठ प्रोफेसर एवं फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश कुमार धत्तरवाल को रिटायरमेंट से मात्र 29 दिन पहले ही सस्पेंड कर दिया गया। हेल्थ विवि के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल की तरफ से इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। बताया जा रहा है कि यह मामला एक लड़की की मौत के बाद जारी किए गए बयान से जुड़ा हुआ है।

फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश कुमार धत्तरवाल पर 2017 में एक मामले में चार्ज लगा था, जिसमें एक लड़की के शव का पोस्टमॉर्टम हुआ था और डॉ. सुरेश कुमार धत्तरवाल ने एक चैनल पर गैंगरेप होने का बयान जारी कर दिया था, जबकि डॉ. धत्तरवाल पोस्टमॉर्टम करने वाले पैनल में शामिल ही नहीं थे। इसी मामले में 2017 के दौरान डॉ. सुरेश धत्तरवाल को चार्जशीट किया गया था और जांच कमेटी के सामने पेश होने के निर्देश दिए थे। आरोप है कि डॉ. धत्तरवाल ने जांच कमेटी के सामने पेश होकर अपना पक्ष नहीं रखा। पीजीआई की तरफ से 2017 के मामले में बनाई गई जांच कमेटी ने अपनी जांच पूरी करने के बाद 25 दिसंबर 2025 को रिपोर्ट सौंपी थी। इस रिपोर्ट के आधार पर कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल की तरफ से सस्पेंड करने के ऑर्डर जारी किए गए है।



डॉ. सुरेश कुमार धत्तरवाल

### 31 जनवरी को होना था रिटायर

विभागीय सूत्रों के अनुसार विभागाध्यक्ष को 31 जनवरी को रिटायर होना है। सस्पेंड अवधि के दौरान उन्हें निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। इसके अलावा डॉ. सुरेश कुमार धत्तरवाल का सस्पेंड अवधि के दौरान मुख्यालय रोहतक ही रहेगा।

### कुलपति ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कुलपति ने विश्वविद्यालय में संचालित शैक्षणिक, शोध एवं नवाचार से जुड़ी प्रमुख गतिविधियों की जानकारी भी मुख्यमंत्री को दी।

## टास्क के नाम पर 4 लाख से ज्यादा की ठगी का खुलासा, साइबर गिरोह में शामिल आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने टास्क पूरा करने के नाम पर 4 लाख रुपये से अधिक की साइबर ठगी के मामले का खुलासा करते हुए गिरोह में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। थाना साइबर प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि चांद नगर, रोहतक निवासी यशु की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। शिकायत के अनुसार 7 अगस्त को यशु के पास टेलीग्राम एप पर टास्क पूरा करो और रुपये कमाओ का मैसेज आया। झांसे में आकर यशु ने बताए गए अनुसार चार टास्क पूरे किए। इसके बाद उसने अपने बैंक खाते की जानकारी साझा की, जिस पर आरोपियों ने भरोसा जीतने के लिए 200 रुपये ट्रांसफर कर दिए।

**धीरे-धीरे बढ़ती गई ठगी की रकम**

*यशु से 600 रुपये का एक और टास्क पूरा करवाया गया और आरोपियों के कहने पर यशु ने 18,500 रुपये एक दी गई आईडी पर ट्रांसफर किए। इसके बाद फर्जी खाते में उसकी ट्रांजैक्शन दिखाई जाने लगी, जिससे उसे मुनाफे का झांसा दिया गया। यशु लगातार टास्क करता रहा और अलग-अलग ट्रांजैक्शनों के जरिए कुल 4,02,600 रुपये आरोपियों के खातों में ट्रांसफर कर दिए।*

# युवक ने जहरीली दवा निगलकर की आत्महत्या

**दुःखद**

- हिसार निवासी 25 वर्षीय भरत वर्तमान में महम के वार्ड 14 में रह रहा था
- आत्महत्या के कारणों का अभी खुलासा नहीं, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महम के वार्ड नंबर-14 में शुक्रवार को एक युवक ने आत्महत्या कर ली। युवक ने जहरीली दवा निगलकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने परिजनों के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पांच महीने पहले हुई थी शादी

मृतक की पहचान 25 वर्षीय भारत के रूप में हुई है, जो मूल रूप से गांव सिंगला खास, जिला हिसार का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार भारत की करीब पांच महीने पहले दूसरे राज्य की एक युवती से शादी हुई थी। शादी के बाद वह अपने परिवार के साथ हिसार से महम आकर वार्ड-14 में रह रहा था। परिजनों के अनुसार, परिवारिक जीवन सामान्य रूप से चल रहा था और किसी तरह के विवाद की जानकारी सामने नहीं आई है।

### परेशान था युवक

मानसिक रूप से परेशान होने का दावा मृतक के परिजनों का कहना है कि भारत पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। उसे किसी बात की चिंता थी, लेकिन उसने कभी खुलकर इस बारे में परिवार को नहीं बताया। परिजनों का मानना है कि मानसिक तनाव के चलते ही उसने यह कदम उठाया। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

### अचानक उठाया कदम

परिवार के सदस्यों ने बताया कि घटना वाले दिन भारत ने अचानक जहरीली दवा का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से पूरे परिवार में शोक की लहर है और मोहल्ले में भी गमगीन माहौल बना हुआ है। युवक द्वारा ऐसा कदम उठाने के पीछे के कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाए हैं।

### पुलिस जांच में जुटी

महम थाना प्रभारी सुभाष ने बताया कि युवक की आत्महत्या की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं और उसी आधार पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। प्रारंभिक जांच में युवक के मानसिक रूप से परेशान होने की बात सामने आई है, लेकिन आत्महत्या के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी। पुलिस का कहना है कि मामले से जुड़े सभी तथ्यों की बारीकी से जांच की जा रही है। यदि किसी अन्य कारण या परिस्थिति की जानकारी सामने आती है तो उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**समीक्षा** डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने अधिकारियों के साथ की मीटिंग

# निगम आयुक्त की गारंटीः शिकायतों का तत्काल किया जाएगा समाधान

- शिकायतों की अनदेखी करने वाले अधिकारियों पर गाज गिरेगी
- नियमित मानिटरिंग की जाए, लोगों को परेशानी नहीं आने दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने आमजन से प्राप्त होने वाली शिकायतों का अविलंब, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने शिकायतों पर कार्रवाई की समीक्षा के लिए शुक्रवार को निगम की शाखा प्रभारियों के साथ मीटिंग की।

इस दौरान उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने गारंटी दी कि किसी भी व्यक्ति की शिकायत पर कार्रवाई में विलम्ब नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा शिकायतों की अनदेखी करने वाले अधिकारियों पर गाज गिरेगी। नगर निगम कार्यालय में विभिन्न पोर्टल के माध्यम से कार्यालय में आमजन की शिकायतें प्राप्त होती हैं जिनमें सीएम विन्डो, जनसंवाद, सोशल मीडिया, सीपी ग्राम, स्वच्छ सिटी ऐप तथा समाधान सीवर आदि शामिल हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक के दौरान सभी शाखा प्रभारियों को निर्देश दिए गए कि शिकायतों की नियमित मानिटरिंग की जाए तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर उनका समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की ढिलाई, लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब न किया जाए।



रोहतक। निगम की शाखा प्रभारियों की मीटिंग लेते निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा।

### लिया जाएगा फीडबैक

निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने यह भी निर्देश दिए कि शिकायतों के समाधान के पश्चात उसकी फीडबैक एंट्री संबंधित पोर्टल पर अनिवार्य रूप से की जाए, ताकि शिकायतकर्ता को संतुष्टि मिल सके। इसके साथ ही, बार-बार आने वाली शिकायतों का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के लिए फील्ड स्तर पर निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।

### डिजिटल प्लेटफार्म प्रभावी

निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से प्राप्त शिकायतें प्रशासन और नागरिकों के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु हैं, इसलिए इन प्लेटफार्मों पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए, समाधान किया जाना आवश्यक है। नगर निगम शहर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं नागरिकों के अनुकूल बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।



# बॉर्डर 2 का 'घर कब आओगे' गीत रिलीज, गायकों ने जीता दिल

**मुंबई।** फैंस का इंतजार खत्म हुआ और 'बॉर्डर 2' का मच अवेटेड गाना 'घर कब आओगे'शुक्रवार को रिलीज हो गया है। 'घर कब आओगे' फिल्म बॉर्डर के लोकप्रिय गीत 'संदेसे आते हैं'का री-क्रिएटेड वर्जन है। जिसे उसी धुन के साथ नए अंदाज और लिरिक्स में पेश किया गया है। जावेद अख्तर द्वारा लिखित और अनु मलिक के संगीत से सजे 'संदेसे आते हैं'के इस नए वर्जन को मनोज मुंतशिर ने लिखा है। जबकि संगीत मिथुन का है। पिछली बार इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ ने गाया था। लेकिन, इस बारे गाने में दो नहीं, बल्कि चार गायकों की आवाज है। इस बारे गाने को सोनू निगम के साथ अरिजीत सिंह, दिलजीत दोसांझ और विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। इन चारों की आवाज में इस गाने को सुनकर फैंस उत्साहित हैं। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म में सनी देओल के साथ वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। जबकि मोना सिंह, सोनम बाजवा, आन्या सिंह और मेधा राणा भी फिल्म में अहम किरदारों में दिखाई देंगे।

लाइफ Style



# कृति नहीं लेती बॉक्स ऑफिस नंबर्स का दबाव

कृति सेनन अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' को लेकर चर्चाओं में हैं। 'तेरे इश्क में'की सफलता के बाद अब 'कॉकटेल 2' पर भी अच्छे प्रदर्शन का दबाव है। कृति सेनन बॉलीवुड में अपने करियर के 11 साल पूरे कर चुकी हैं। इन 11 साल में कृति कई बड़ी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। साथ ही उन्होंने कई हिट फिल्में भी दी हैं। उनकी आखिरी रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। वहीं फिल्म में उनके अभिनय की भी काफी तारीफ हुई।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कृति नए साल में अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' के साथ प्रवेश कर रही हैं। यह उनकी 20वीं फिल्म भी है। इस मौके पर कृति ने 'कॉकटेल 2' को लेकर बात की और साथ ही बताया कि क्या फिल्मों की सफलता उनके ऊपर दबाव डालती है या नहीं। कृति ने बॉक्स ऑफिस नंबर के प्रेशर के बारे में बात की। एक फिल्म की सफलता क्या दूसरी फिल्म के बॉक्स ऑफिस नंबर के आंकड़ों को लेकर दबाव बनाती है? अभिनेत्री ने कहा कि वो अपने ऊपर किसी भी तरह का दबाव नहीं लेती है। हर फिल्म अलग होती है, आप यह उम्मीद नहीं कर सकते कि हर फिल्म एक ही तरह के दर्शकों को आकर्षित करेगी। कॉकटेल 2 के दर्शक, तेरे इश्क में से बिल्कुल अलग हैं। आप बस कड़ी मेहनत और पूरी ईमानदारी से काम कर सकते हैं। आपको हर फिल्म में अपना सर्वश्रेष्ठ देना होता है। इसके अलावा बाकी सब हमारे हाथ में नहीं है, क्योंकि बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की सफलता को प्रभावित करने वाले कई और कारण भी होते हैं। इसलिए मैं वह दबाव नहीं लेना चाहती। मैं अपने फिल्म निर्माताओं पर भी वह दबाव नहीं डालती। बल्कि, मैं बस इस प्रक्रिया का आनंद लेती हूं। मैं उत्साहित हूं। इससे पहले एक इंटरव्यू में बात करते हुए कृति ने कॉकटेल 2 के बारे में बताया था कि 'कॉकटेल 2 बिल्कुल सही समय पर बनी। मुझे इसकी बहुत चाह थी।

## हॉलीवुड मसाला



# पिता बनने का साझा किया अनुभव

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के 'लोकी' के नाम से दुनियाभर में पहचान बना चुके टॉम हिडलस्टन एक बार फिर पिता बन गए हैं। नए साल की शुरुआत उनके लिए बेहद खास रही। टॉम हिडलस्टन और उनकी पार्टनर और अभिनेत्री जावे एश्टन ने अपने दूसरे बच्चे का स्वागत किया है। टॉम हिडलस्टन ने पिता बनने के एहसास को शब्दों में बयां करते हुए कहा कि यह अनुभव ऐसा है, जिसे महसूस किए बिना समझा नहीं जा सकता। उनके मुताबिक, यह पल न सिर्फ भावनात्मक है, बल्कि इंसान की पूरी सोच और जिंदगी को नई दिशा दे देता है। हालांकि, कपल ने अपने बच्चे के नाम और जेंडर को लेकर फिलहाल कोई जानकारी साझा नहीं की है। दोनों हमेशा से अपनी निजी जिंदगी को लाइमलाइट से दूर रखने के लिए जाने जाते रहे हैं।



# ओशन्स 11 गैंग की 19 साल बाद वापसी

**लॉस एंजिल्स।** 'ओशन्स' फिल्म फ्रेंचाइजी के फैंस के लिए खुशखबरी है। जॉर्ज क्लूनी ने खुलासा किया है कि वह सीरीज की चौथी फिल्म की तैयारी में हैं। एक बार फिर से ब्रैड पिट, मैट डेमन और जूलिया रॉबर्ट्स संग बाकी टीम लौटेगी। उन्होंने फिल्म के प्लॉट को लेकर भी हिंट दिया है। जॉर्ज क्लूनी, ब्रैड पिट, मैट डेमन, जूलिया रॉबर्ट्स जैसे दिग्गज सितारों से सजी 'ओशन सीरीज' की तीनों फिल्में आज करीब दो दशक बाद भी दर्शकों की फेवरेट हैं। साल 2001 में आई 'ओशन्स 11', 2004 में रिलीज ओशन्स 12 और 2007 में आई ओशन्स 13', वो फिल्में साबित हुईं, जिन्होंने बड़े पर्दे हाइस्ट जॉनर को पॉपुलर बनाया। इन फिल्मों का असर सिर्फ हॉलीवुड में ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में हुआ। आज भी दुनिया के किसी कोने में 'हाइस्ट' यानी लूट पर कोई फिल्म या सीरीज बनती है, तो उसमें 'ओशन सीरीज' का असर दिखता है। खुशखबरी यह है कि अब सुपरस्टार्स की फौज और शानदार चोरियों का दौर फिर से लौट रहा है। जी हां, फिल्म में लुटेरों की टीम के लीडर डैनी ओशन का किरदार निभाने वाले जॉर्ज क्लूनी ने इस ओर इशारा किया है।



# अक्षय के साथ पहली बार स्क्रीन साझा करेंगी रानी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड' की नई फिल्म को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अक्षय पहली बार रानी मुखर्जी के साथ काम करने जा रहे हैं। बॉलीवुड की चर्चित फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड'एक बार फिर बड़े स्तर पर वापसी करने की तैयारी में है। फ्रेंचाइजी की नई फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच पहले से ही उत्सुकता बनी हुई थी और अब इस प्रोजेक्ट से जुड़ी एक बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बार अक्षय कुमार के साथ रानी मुखर्जी मुख्य भूमिका में नजर आ सकती हैं। अगर यह खबर पुख्ता होती है, तो यह दोनों कलाकारों की पहली ऑन-स्क्रीन जोड़ी होगी, जिसे लेकर फिल्म इंडस्ट्री में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि 'ओह माई गॉड' इस समय प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है और फिल्म की शूटिंग 2026 के मई से शुरू होने की योजना है।



# 40 की उम्र में फिर प्यार में पड़ीं कीर्ति

**मुंबई।** नए साल के मौके पर 1 जनवरी की देर रात कीर्ति कुल्हारी ने अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए अपने रिलेशनशिप को ओपेन किया है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक रील शेयर की है, जिसमें कई अलग-अलग फोटोज हैं। इन फोटोज में कीर्ति कुल्हारी अभिनेता राजीव सिद्धार्थ के साथ नजर आ रही हैं। इस रील में राजीव और कीर्ति की कई रोमांटिक तस्वीरें भी हैं। इस रील के साथ ही कीर्ति ने राजीव सिद्धार्थ के साथ अपने रिश्ते को आधिकारिक कर दिया है। कीर्ति ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'एक तस्वीर हजार शब्दों के बराबर होती है। सभी को 2026 मुबारक हो।'आजकल किसी भी रिलेशनशिप के सामने आते ही पार्टनर्स के बीच उम्र का फासला जानने के लिए भी फैंस उत्साहित रहते हैं। इसी तरह राजीव सिद्धार्थ और कीर्ति कुल्हारी के बीच के उम्र के फासले को लेकर भी फैंस उत्साहित हैं।

## टीवी मसाला



# शार्क टैंक इंडिया सीजन 5 में दिखेंगे नए आइडियाज

**नई दिल्ली।** छोटे पर्दे पर मचअवेटेड स्टार्टअप्स शो 'शार्क टैंक इंडिया' सीजन 5 एक बार फिर सोनी टीवी पर वापसी कर रहा है। शो से जुड़े कई प्रोमो सामने आए हैं, जिसमें नए उद्यमियों को अपना आइडिया जजों के सामने पेश करते हुए दिखाया गया है। शो का पहला सीजन साल 2021 में आया था, जिसमें 700 से ज्यादा नई डील्स को लॉक किया गया था, लेकिन अब पांचवें सीजन के साथ 6 नए जज और नए आइडिया शो में दिखने वाले हैं। ये शार्क्स न सिर्फ स्टार्टअप्स में निवेश करेंगे, बल्कि उद्यमियों को मेंटरशिप और स्ट्रैटेजिक गाइडेंस भी देंगे। सीजन 5 का प्रीमियर 5 जनवरी को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर होगा और इसे सोनी लिव ऐप पर स्ट्रीम किया जा सकेगा। शो का फॉर्मेट वही रहेगा। जहां कई राउंड्स की स्क्रीनिंग के बाद चुनिंदा स्टार्टअप्स को शार्क्स के सामने पिच करने का मौका मिलेगा। सीजन पांच में पुराने जज विराज बहल, कुणाल बहल, अमित जैन, रितेश अग्रवाल, पीयूष बंसल, नमिता थापर, अमन गुप्ता, विनिता सिंह और अनुपम मित्तल भी दिखेंगे. इनके साथ शैली मेहरोत्रा (सीईओ, फिक्सडर्मा इंडिया), हार्दिक कोठिया (रेजॉन सोलर के संस्थापक और प्रबंध निदेशक), मोहित यादव (मिनिमलिस्ट के सह-संस्थापक) वरुण अलघ (होनासा कंज्यूमर लिमिटेड के सीईओ और सह-संस्थापक), कनिका टेकरीवाल (जेटसेटगो एविएशन की संस्थापक) और प्रथम मित्तल (मास्टर्स यूनियन और टेट्रा के संस्थापक) 'शार्क टैंक इंडिया' के नए शार्क्स होंगे।

## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा अव्वल

**नई दिल्ली।** नए साल की शुरुआत में यानी शुक्रवार को 51वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट जारी की गई। पिछले साल जुलाई महीने में स्मृति ईरानी स्टारर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने टीवी पर पच्चीस साल बाद वापसी की। यह सीरियल पहले हफ्ते से ही टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में जगह बनाने में कामयाब रहा, साथ ही इसने बचे हुए साल में भी टॉप 5 में अपने लिए जगह बनाए रखी। 51वें हफ्ते में यह सीरियल अव्वल रहा, इसे 2.2 की टीआरपी मिली है। इसकी वजह है कि सीरियल में इन दिनों बहुत ट्विस्ट आ रहे हैं। लीड कैरेक्टर तुलसी और मिहिर एक-दूसरे से दूर हो चुके हैं। 51वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में रुपाली गांगुली के सीरियल 'अनुपमा'को दूसरा स्थान मिला है। इसकी टीआरपी 2.1 रही है। जबकि पिछले साल यह सीरियल हर हफ्ते टॉप पर बना रहा, कभी-कभी ही ऐसा हुआ कि यह खिसककर नीचे आया हो। साल के आखिरी हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में कई और सीरियल्स ने जगह बनाई है। इसमें उड़ने की आशा और तुम से तुम तक को 1.9 की टीआरपी मिली है। यह सीरियल एक-दूसरे को टक्कर दे रहे हैं।



# द्रौपदी 2 दिखाएगी दक्षिण भारत के 14वीं सदी का इतिहास

**मुंबई।** 'द्रौपदी 2' को सेंसर बोर्ड से यू/ए सर्टिफिकेट मिल गया है। यह फिल्म दक्षिण भारत के 14वीं सदी के इतिहास को दिखाएगी। ऑरिजनली तमिल में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 23 जनवरी को रिलीज होनी है। इसी दिन सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ स्टारर 'बॉर्डर 2' भी रिलीज होगी। तमिल और तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में ऐतिहासिक विषयों पर बनने वाली फिल्मों में हमेशा से दर्शकों की खास दिलचस्पी मिलती रही है। जब ऐसी फिल्मों में इतिहास, वीरता, संस्कृति और सामाजिक संघर्ष की झलक मिलती है, तो दर्शक उनसे खुद को जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। 'द्रौपदी 2' 14वीं सदी के उस दौर को दिखाएगी, जिसे इतिहास का एक अंधकारमय और उथल-पुथल भरा समय माना जाता है।' यह फिल्म दक्षिण भारत के इतिहास को बड़े पर्दे पर जीवंत रूप में पेश करेगी और इसी महीने सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले खबर थी कि फिल्म निर्माता इसे 23 जनवरी 2026 को रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा नहीं हुई है, लेकिन सेंसर सर्टिफिकेट मिलने के बाद लगभग तय माना जा रहा है कि फिल्म जल्द ही दर्शकों के सामने होगी। 'द्रौपदी 2' का निर्माण चोला चक्रवर्ती ने नेटाजी प्रोडक्शन्स के बैनर तले किया है। फिल्म को लेकर दर्शकों और फिल्म इंडस्ट्री के बीच काफी उत्साह देखा जा रहा है।



# बैंड बाजा बारात फिर से हो रही रिलीज



**मुंबई।** इन दिनों री-रिलीज फिल्मों का ट्रेंड जोर पकड़ रहा है और अब इस कड़ी में रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की सुपरहिट रोमांटिक फिल्म 'बैंड बाजा बारात'का नाम भी जुड़ गया है। ये फिल्म एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए सिनेमाघरों में लौट रही है। इस फिल्म ने न सिर्फ रणवीर सिंह को बॉलीवुड में पहचान दिलाई थी, बल्कि अनुष्का के साथ उनकी जोड़ी को भी काफी पसंद किया गया था। साल 2010 में रिलीज हुई यह फिल्म अब करीब 16 साल बाद फिर से थिएटर्स में दिखाई जाएगी। मेकर्स ने इसकी री-रिलीज डेट 16 जनवरी 2026 तय की है। इस खबर के सामने आते ही फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। खासकर उन दर्शकों के लिए यह एक खास मौका है, जिन्होंने पहली बार इस फिल्म को बड़े पर्दे पर देखा था या जो नई पीढ़ी के दर्शक हैं।'बैंड बाजा बारात' की कहानी दो युवा और महत्वाकांक्षी लोगों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो दिल्ली की चकाचौंध भरी शादी इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने निकलते हैं। फिल्म में दोस्ती, प्यार, महत्वाकांक्षा और टकराव को बेहद हल्के-फुल्के लेकिन असरदार तरीके से दिखाया गया है। यही वजह है कि फिल्म आज भी दर्शकों को उतनी ही ताजा लगती है, जितनी अपनी पहली रिलीज के समय लगी थी। रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की जोड़ी को इस फिल्म से जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी। दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री, डायलॉग्स और किरदारों की सादगी ने दर्शकों का दिल जीत लिया था।

# महाकाली में शुक्राचार्य की भूमिका में नजर आएंगे अक्षय



**मुंबई।** धुरंधर में रहमान डकैत की भूमिका से चर्चाएं बटोरने वाले अक्षय खन्ना इन दिनों आरोपों को लेकर चर्चाओं में हैं। हालांकि, इस बीच अक्षय खन्ना की अगली फिल्म महाकाली से उनकी बीटीएस तस्वीर सामने आई है। इनमें अक्षय खन्ना भी नजर आ रहे हैं। पूजा कोल्लुरु ने जो तस्वीरें साझा की हैं, उनमें 'महाकाली'के सेट से अक्षय खन्ना के साथ एक सेल्फी भी शामिल है। इसके अलावा पूजा ने 2025 के अपने सफर की कई और तस्वीरें भी साझा की हैं, जिनमें सेट की भी कुछ और तस्वीरें हैं। महाकाली से अक्षय खन्ना तेलुगु सिनेमा में अपना डेब्यू कर रहे हैं। महाकाली प्रशांत वर्मा सिनेमाटिक यूनिवर्स की अगली कड़ी है। फिल्म में अक्षय खन्ना गुरु शुक्राचार्य की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म से उनका फर्स्ट लुक सामने आया था, जिसमें उन्हें पहचानना बिल्कुल मुश्किल हो रहा था। इस लुक के सामने आने के बाद से ही फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। महाकाली में भूमि शेट्टी महाकाली के मुख्य किरदार में नजर आएंगी। अक्षय खन्ना के शामिल होने से फिल्म की और भी चर्चा हो रही है। आदित्य धर द्वारा निर्देशित धुरंधर में अक्षय खन्ना ने बलोच नेता और अंडरवर्ल्ड डॉन रहमान डकैत की भूमिका निभाई है। इस किरदार में अभिनय के लिए अक्षय खन्ना की जमकर प्रशंसा हो रही है। सबसे ज्यादा वायरल उनका डांस स्टेप हुआ है, जिसे लोग काफी कॉपी कर रहे हैं।

## कोर्टरूम ड्रामा से लेकर एक्शन और रोमांस तक

# इस वीकेंड घर बैठकर देखिए अलग-अलग प्रकार की फिल्में और सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नए साल का आगाज हो चुका है। नए साल के पहले दिन सिनेमाघरों में अगस्त्य नंदा की 'इक्कीस' रिलीज हुई है। इसे दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों की ओर से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। वहीं, दूसरी ओर नए साल के पहले हफ्ते में ओटीटी पर भी कई फिल्में व सीरीज आ रहे हैं और कुछ आ चुके हैं। जिन्हें आप घर बैठे ही देख सकते हैं और नए साल का आनंद ले सकते हैं।

### हक

इमरान हाशमी और यामी गौतम की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'हक' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर भी रिलीज हो चुकी है। फिल्म आज यानी 2 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। शाह बानो केस पर आधारित 'हक' को क्रिटिक्स ने सराहा था, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थी।

### ब्यूटी

तेलुगु रोमांटिक थ्रिलर 'ब्यूटी' एक लड़की के प्रेम में पड़ने के बाद अपने घर से भाग जाने और माता-पिता के उसे ढूंढने की कहानी है। इमोशनल पारिवारिक ड्रामा और शॉकिंग ट्विस्ट से भरी यह फिल्म 2 जनवरी से ओटीटी के प्लेटफॉर्म जी5 पर मौजूद है।



### रन अवे

ब्रिटिश थ्रिलर वेब सीरीज 'रन अवे' भी 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इसमें जेम्स नेसबिट, एली डी लैंग, रुथ जोनस और अल्फ्रेड एनोच समेत कई कलाकार दिखाई देंगे।

### कुमकी 2

तमिल फिल्म 'कुमकी 2' शनिवार 3 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर मौजूद रहेगी। इस फिल्म की कहानी भूमि और उसके हाथी नीला के बीच गहरे बॉन्ड पर आधारित है। बचपन में भूमि की मां द्वारा चुपके से हाथी को बेच दिए जाने के बाद, बड़े होकर भूमि अपने साथी को खोजने के लिए एक मिशन पर निकल पड़ता है।



### स्ट्रेंजर थिंग्स 5 फाइनल एपिसोड

नेटफ्लिक्स की सबसे लोकप्रिय सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के पांचवे सीजन का आखिरी एपिसोड भी आ चुका है। 1 जनवरी से यह फाइनल एपिसोड नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर रहा है।

### एलबीडब्ल्यू: लव बियॉन्ड विकेट

क्रिकेट पर आधारित स्पोर्ट ड्रामा सीरीज 'एलबीडब्ल्यू: लव बियॉन्ड विकेट' रंगन की कहानी है, जो एक होनहार खिलाड़ी रह चुका है। लेकिन, कॅरियर में ज्यादा सफलता न मिलने पर अब कोच बन गया है। सीरीज आत्मसम्मान के लिए रंगन के संघर्ष और खिलाड़ियों के इमोशनल संघर्षों को दिखाती है। यह सीरीज 1 जनवरी से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम कर रही है।

### लव फ्रॉम 9 टू 5

ऑफिस रोमांटिक-कॉमेडी सीरीज 'लव फ्रॉम 9 टू 5' 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इस सीरीज में ऑफिस पॉलिटिक्स से लेकर सहकर्मियों के बीच के रिलेशन तक को दिखाया गया है।

### माई कोरियन बॉयफ्रेंड

'माई कोरियन बॉयफ्रेंड' एक डॉक्यूमेंट्री सीरीज है, जो 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर रही है। सियोल में 22 दिनों में फिल्माई गई यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज, प्यार के अलग-अलग पड़ावों पर हर जोड़े की कहानी बयां करती है।

## खबर संक्षेप

### एशियन मेडलिस्ट दिनेश पहलवान का अभिनंदन कल



**बहादुरगढ़।** कुश्ती जगत में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने वाले दिनेश धनखड़ उर्फ गोलिया पहलवान का कुश्ती प्रेमियों द्वारा अभिनंदन किया जाएगा। दिनेश के सम्मान के लिए आगामी चार जनवरी को गांव गोयला कलां के जोहड़ वाले मंदिर परिसर में समारोह का आयोजन किया जा रहा है। गोयला कलां गांव का दिनेश हेवीवेट कैटेगिरी 125 केजी फ्री स्टाइल का पहलवान है।

### चौधरी छोटूराम धर्मशाला में रक्तदान शिविर आज

**झज्जर।** रोहतक लोकसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यूथ कांग्रेस के शहरी अध्यक्ष रामअवतार दीपक गहलोत ने बताया कि शहर के रोहतक रोड स्थित चौधरी छोटूराम किसान धर्मशाला में सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर दो बजे तक आयोजित इस शिविर में रक्त संग्रहण का कार्य स्थानीय नागरिक अस्पताल व जिला रेडक्रॉस सोसायटी टीम द्वारा किया जाएगा।

### एमआईई में फायर सेफ्टी प्रशिक्षण कार्यक्रम 12 को

**बहादुरगढ़।** शहर के आधुनिक औद्योगिक संपदा (एमआईई) में स्थित दमकल केंद्र में बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री एवं फायर डिपार्टमेंट के संयुक्त तत्वावधान में 12 जनवरी को फायर सेफ्टी एवं फायर फाइटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कर्मचारियों को आपातकालीन परिस्थितियों में सही एवं सुरक्षित तरीके से कार्य करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना तथा उद्योगों में जान–माल के नुकसान को न्यूनतम करना है।

## नानी बाई का मायरा नरसी का भात कथा में भावविभोर हुए भक्त



**रोहतक।** नानी बाई का मायरा नरसी का भात में प्रवचन सुनते भक्तजन।

**रोहतक।** श्री श्याम परिवार द्वारा आयोजित कथा नानी बाई का मायरा नरसी का भात का प्रथम दिन बड़े आनंद, भक्ति भाव और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में बड़ी उत्सुकता और उत्साह देखने को मिला। दिन में 2 बजे से ही महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ का तातां लगना शुरू हो गया। आयोजन के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा सुरक्षा, स्वच्छता और बैठने जैसी व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने बताया कि इस दिव्य आयोजन से उन्हें आध्यात्मिक शांति,सकारात्मक ऊर्जा और आत्मिक शांति की अनुभूति हुई। कार्यक्रम समापन पर श्री श्याम परिवार ने आए हुए सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

# पीजीआईएमएस के 1258 कर्मचारियों को एचकेआरएन में मिली नियुक्ति

- पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर ने कर्मचारियों को सौंपा सरकार की तरफ से जारी पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** एचकेआरएन का नियुक्ति पत्र कर्मचारियों को सौंपते पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर।

पीजीआईएमएस के 1258 कर्मचारियों को हरियाणा सरकार ने नए साल पर तोहफा दिया है। सरकार ने उन्हें नियमित करते हुए एचकेआरएन में नियुक्ति देने के लिए आदेश जारी किए हैं। सरकार की तरफ से जारी किया गया पत्र पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर ने कर्मचारियों को सौंपा। नियुक्ति पर कर्मचारियों ने पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर और हेल्थ यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ एचके अग्रवाल का आभार जताया। कर्मचारी काफी लम्बे समय से अस्थाई तौर पर पीजीआईएमएस के अलग अलग वार्ड और कार्यालयों में कार्यरत हैं। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि नये साल पर यह कर्मचारियों को तोहफा मिला है।

### कई कर्मचारी 2007 से हैं कार्यरत

कुलपति ने बताया कई कर्मचारी 2007 से यहां कार्यरत हैं। इनमें डाटा इंट्री आपरेटर, बैरर, इलेक्ट्रिशियन, माली शामिल हैं। यह कर्मचारी काफी समय से सरकार से मांग कर रहे थे कि उन्हें एचकेआरएन में शामिल किया जाए। इसके लिए उन्होंने पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर को भी ज्ञापन दिया था। इसके अलावा वह कई जगह ज्ञापन दे चुके थे। अब उन्हें स्थाई तौर पर एचकेआरएन में नियुक्ति मिल गई है। कर्मचारियों ने बताया कि पीजीआईएमएस में कार्यरत स्वीपर और सिक्योरिटी पहले ही एचकेआरएन में शामिल किए जा चुके हैं। इस मौके पर पूर्व प्रधान तारीफ सिंह और संजय गौतम के साथ गौरव वर्मा, इंद्रमोहन, विजय बिसला , गुलाब सिंह, सुकन्या आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## स्वर्ण जयंती वर्ष में ट्रेडमार्क पंजीकरण से रचा इतिहास

# उपलब्धि: पांच दशक बाद एमडीयू के लोगो को मिला कानूनी संरक्षण

विश्वविद्यालय को ट्रेडमार्क पंजीकरण प्रमाणपत्र ट्रेडमार्क रजिस्ट्री द्वारा जारी किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** ट्रेडमार्क पंजीकरण प्रमाणपत्र ट्रेडमार्क रजिस्ट्री द्वारा जारी करते कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ,डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट तथा निदेशक सीआईपीआरएस प्रो. हरीश दुरेजा व डिप्टी डायरेक्टर डॉ. राजीव कुमार कपूर। *फोटो : हरिभूमि*

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने स्वर्ण जयंती वर्ष में अपनी संस्थागत विरासत और पहचान को सुदृढ़ करते हुए एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय का आधिकारिक लोगो लगभग पांच दशक बाद भारत सरकार के ट्रेडमार्क रजिस्ट्रार कार्यालय में विधिवत रूप से ट्रेडमार्क के रूप में पंजीकृत कर लिया गया है। वर्ष 1976 में स्थापना के बाद पहली बार एमडीयू के लोगो को ट्रेडमार्क अधिनियम के अंतर्गत कानूनी संरक्षण प्राप्त हुआ है।

विश्वविद्यालय की बौद्धिक संपदा और संस्थागत प्रतीक की सुरक्षा की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए एमडीयू के सेंटर फॉर इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स स्टडीज (सीआईपीआरएस) ने इस दिशा में पहल की। ट्रेडमार्क आवेदन सीआईपीआरएस के डिप्टी डायरेक्टर एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राजीव कुमार कपूर द्वारा दायर किया गया, जिसे उन्होंने पूरी प्रतिबद्धता और तकनीकी दक्षता के साथ प्रस्तुत किया। ट्रेडमार्क रजिस्ट्री में पांच चरणों की सुनवाई के दौरान वर्ष 1976 से लोगो के निरंतर उपयोग से संबंधित विस्तृत और प्रमाणिक दस्तावेज प्रस्तुत किए गए, जिसके बाद आवेदन को अंतिम स्वीकृति प्रदान की गई।

इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एससी मलिक, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत, कुलपति के सलाहकार प्रो. एके राजन सहित अन्य अधिकारी, डीन एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। ट्रेडमार्क पंजीकरण प्रमाणपत्र ट्रेडमार्क रजिस्ट्री द्वारा जारी किया गया है और आधिकारिक लिंक के माध्यम से उपलब्ध है। एमडीयू के लोगो का ट्रेडमार्क पंजीकरण विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा, विरासत और संस्थागत पहचान के औपचारिक संरक्षण की दिशा में एक मील का पत्थर है। यह उपलब्धि न केवल विश्वविद्यालय की कानूनी सुदृढ़ता को दर्शाती है, बल्कि बौद्धिक संपदा के प्रति उसकी जागरूकता और राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप कार्य करने की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करती है।

### महत्वपूर्ण उपलब्धि पर जताया हर्ष

एमडीयू का लोगो ट्रेडमार्क क्लास 41 (सरकारी विभाग) के अंतर्गत पंजीकृत किया गया है, जिसमें शिक्षा, अनुसंधान, प्रशिक्षण, विभिन्न विषयों में अकादमिक उपाधियां प्रदान करना तथा खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन शामिल है। ट्रेडमार्क महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक के नाम पर पंजीकृत किया गया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर एमडीयू के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट तथा निदेशक सीआईपीआरएस प्रो. हरीश दुरेजा, डिप्टी डायरेक्टर डॉ. राजीव कुमार कपूर और सीआईपीआरएस की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की बौद्धिक संपदा की सुरक्षा के साथ-साथ उसकी कानूनी और ब्रांड पहचान को और अधिक सशक्त बनाएगी।



**महम।** एनएसएस शिविर के समापन अवसर पर मौजूद एनएसएस स्वयंसेवक व शिक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

## आरकेपी स्कूल स्वयंसेवकों ने दिया बेटी बचाओ का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

रामकृष्ण परमहंस वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मदीना में 26 दिसंबर से 1 जनवरी तक साप्ताहिक एनएसएस शिविर आयोजित किया गया। वीरवार को शिविर का समापन किया गया।

समापन समारोह में महम की खंड शिक्षा अधिकारी सरिता खनगवाल और जिला रोहतक एन.एस.एस. समन्वयक मनोज अहलावत बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। 11वीं कक्षा से स्वयंसेवक आंचल तथा 12वीं कक्षा से मनु स्वयंसेवक ने 'इन बेटियों को बचा लो' गीत के माध्यम से बेटियों को बचाने का संदेश दिया। बीईओ सरिता खनगवाल जी ने स्वयंसेवकों को अनुशासन का महत्व बताया। स्वयंसेवकों को समाज तथा माता-पिता के प्रति अपने कर्त्तव्यों को निभाने के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेवकों को परीक्षा में तनाव से बचने के उपायों के बारे में कहानी के माध्यम से समझाया। उन्होंने अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने पर बल दिया । जिला एन.एस.एस. समन्वयक अधिकारी मनोज अहलावत ने वरिष्ठ नागरिकों की डिजिटल के माध्यम से मदद करने के लिए स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। मनोज अहलावत ने सरदार पटेल के भारत के एकीकरण में योगदान के बारे में बताया।

## विंटर कप के लीग मुकाबले में 182 रन से जीता गुलिया क्रिकेट क्लब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** मैच के दौरान बल्लेबाजी करता खिलाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*

वीटीआई क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए तीसरे विंटर कप 2026 के लीग मुकाबले में शुक्रवार को गुलिया क्रिकेट अकादमी ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए गोयल क्रिकेट क्लब को 182 रन से करारी शिकस्त दी। इस मुकाबले में गुलिया क्रिकेट अकादमी ने शानदार खेल दिखाया और मैच पूरी तरह अपने नाम कर लिया। टॉस जीतकर गोयल क्रिकेट क्लब ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। लेकिन यह फैसला टीम के लिए सही नहीं रहा। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए गुलिया क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 40 ओवरों में 9 विकेट खोकर 257 रन बनाए। टीम की ओर से गर्व भारद्वाज ने शानदार शतक लगाते हुए 98 गेंदों पर 115 रन बनाए। उनकी पारी में 15 चौके शामिल थे और उन्होंने पूरे मैच में बेहतरीन संयम और आत्मविश्वास दिखाया। उनके अलावा जय सहरावत ने 29 रन और कप्तान ध्रुव गुलिया ने 22 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। अंतिम ओवरों में टीम ने तेजी से रन जोड़ते हुए बड़ा स्कोर खड़ा किया।जबकि विदित ने 3 विकेट लेकर टीम की जीत को और आसान बना दिया।

### गर्व भारद्वाज बने मैन ऑफ दी मैच

जीत के लिए लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोयल क्रिकेट क्लब की टीम शुरुआत से ही दबाव में नजर आई। लगातार विकेट गिरने के कारण टीम कोई बड़ी साझेदारी नहीं कर सकी। अनंत ग्रोवर और संकल्प ने थोड़ी देर संघर्ष किया, लेकिन पूरी टीम 29.5 ओवर में केवल 75 रन पर सिमट गई। गुलिया क्रिकेट अकादमी की घातक गेंदबाजी के आगे गोयल की बल्लेबाज़ी पूरी तरह बिखर गई। गेंदबाजी में जियांश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 ओवर में 26 रन देकर 5 विकेट झटके और विपक्षी बल्लेबाज़ों की कमर तोड़ दी। उनके अलावा तनिया गुर्जर ने 6.5 ओवर में केवल 10 रन देकर 2 विकेट लिए। शानदार शतक लगाने वाले गर्व भारद्वाज को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। उन्हें ही सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार भी मिला। वहीं गेंदबाजी के लिए जियान्श को मैच का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुना गया।

## लाडो लक्ष्मी योजना में महिलाओं के साथ मजाक कर रही सरकार : भूपेंद्र हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा। *फोटो : हरिभूमि*

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भाजपा सरकार पर लाडो लक्ष्मी योजना के नाम पर महिलाओं के साथ मजाक करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि चुनाव में सभी महिलाओं को 2100 रुपये मासिक देने का वादा किया गया था, लेकिन अब केवल चंद महिलाओं को ही यह राशि दी जा रही है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने बताया कि 2024-25 में हरियाणा में 2.13 करोड़ लोग बीपीएल श्रेणी में थे, यानी इस योजना का लाभ लगभग 85 लाख महिलाओं को मिलना चाहिए था। लेकिन वर्तमान में सरकार केवल 8 लाख महिलाओं को ही राशि देने की बात कर रही है। उसमें भी अब कहा जा रहा है कि महिलाओं को केवल 1100 रुपये मिलेंगे और 1000 रुपये जमा किए जाएंगे। इस पर भी आय की सीमा, बच्चों की शिक्षा तथा कुपोषण जैसी शर्तें थोप दी गई हैं। जो की महिलाओं के साथ धोखा है।

### सरकार ने यह किया था ऐलान

प्रदेश सरकार ने दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के दायरे का विस्तार करते हुए ऐलान किया था कि जिन परिवारों की सालाना आय 1.80 लाख रुपये से कम है, ऐसे परिवारों के बच्चे जो सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे हैं, वे 10वीं और 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत से ज्यादा नंबर लेकर आते हैं, तो ऐसी माताओं को भी अब 2100 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। वहीं, जिन परिवारों की सालाना आय 1. 80 लाख से कम है, ऐसे परिवारों के बच्चे भारत सरकार के निपुण मिशन के तहत कक्षा- 1 से 4 तक ग्रेड लेवल प्रोफिशिएंसी प्राप्त करते हैं, तो ऐसी माताओं को भी इस योजना का लाभ मिलेगा। इसके अलावा पोषण ट्रैकर में कोई बच्चा जो कुपोषित या एनीमिया से ग्रस्त था और माताओं के अथक प्रयास के बाद वह पोषित और स्वस्थ होकर ग्रीन जोन में आ जाता है, तो ऐसी माताओं को भी 2100 रुपये का लाभ प्रदान किया जाएगा।

## सीएम ने शिकायतों को प्राथमिकता के अधार पर हल करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों की राज्य स्तरीय वर्चुअल समीक्षा करते हुए सभी जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि लंबित व पुनः ओपन की गई शिकायतों का विशेष रूप से त्वरित, पारदर्शी एवं नागरिक-केंद्रित समाधान सुनिश्चित किया जाए। डीसी सचिन गुप्ता ने लघु सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान जिला से संबंधित शिकायतों पर की गई कार्रवाई की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण सरकार की नीतियों एवं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जा रहा है। विधवा पेंशन से संबंधित एक शिकायत पर जानकारी देते हुए उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि प्रचलित सरकारी नियमों के अनुसार एक लाभार्थी केवल एक ही पेंशन लाभ का हकदार होता है। संबंधित आवेदक पहले से ही अन्य स्रोत से पेंशन का लाभ ले रहा है, जिसकी जानकारी जिला प्रशासन द्वारा उसे दे दी गई है।

## अजय चौटाला का बयान लोकतांत्रिक मर्यादाओं पर सीधा हमला : खरक



**रोहतक।** जेजेपी नेता अजय चौटाला द्वारा दिए गए बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने कहा कि यह बयान लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ और देश व प्रदेश में अराजकता व अस्थिरता का माहौल बनाने की साजिश का हिस्सा प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गैर-जिम्मेदार और भड़काऊ बयानबाजी न केवल लोकतंत्र को कमजोर करती है, बल्कि समाज में भ्रम, अविश्वास और तनाव फैलाने का कार्य करती है। खरक ने कहा कि भारत का लोकतंत्र संविधान, स्वतंत्र चुनाव प्रक्रिया और मजबूत संवैधानिक संस्थाओं पर आधारित है। चुनावी प्रक्रियाएं और कानून-व्यवस्था पूरी पारदर्शिता एवं स्पष्ट नियमों के तहत संचालित होती हैं। बिना किसी ठोस तथ्य के आरोप लगाना राजनीतिक अपरिपक्वता और हताशा को दर्शाता है। भाजपा नेता ने कहा कि जेजेपी नेतृत्व अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा को साधने के लिए बार-बार समाज को भड़काने वाले बयान दे रहा है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार शांति, स्थिरता और सुशासन के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। शमशेर खरक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने नववर्ष 2026 के पहले ही दिन प्रदेश की महिलाओं और बच्चों को ऐतिहासिक तोहफा दिया।

**NAME CHANGE**

I, Chhavi D/o Sh. Sandeep Mittal R/o H.No. 847/23, DLF Colony, Rohtak 124001, do hereby solemnly affirm and declare That I have changed my name Chhavi to Urvashi. That Urvashi and Chhavi are the name of one and same person. That in future I shall known as Urvashi for all purposes. That the above facts are true and correct.

Deponent

### एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर में आयोजित की गई बैठक

# आईएमटी क्षेत्र में व्यापक अवसंरचना उन्नयन की योजना पर काम कर रहा प्रशासन : डीसी

आईएमटी क्षेत्रों में सीवरेज व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, वर्षा जल निकासी जैसे मुद्दों पर हुई बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** आईएमटी स्थित एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर में आयोजित उच्च स्तरीय समन्वय बैठक लेते डीसी सचिन गुप्ता। *फोटो : हरिभूमि*

डीसी सचिन गुप्ता ने उद्योग-अनुकूल एवं सशक्त औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की दिशा में एक निर्णायक कदम उठाते हुए रोहतक के तीनों इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) क्षेत्रों में अवसंरचना को सुदृढ़ करने हेतु एक व्यापक एवं समयबद्ध रोडमैप प्रस्तुत किया। इस पहल का उद्देश्य उद्योगों को स्थिर, कुशल एवं विकास-उन्मुख वातावरण प्रदान करना है, ताकि वे विस्तार कर सकें और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन हो सके। गुप्ता ने शुक्रवार को आईएमटी स्थित एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर में आयोजित उच्च स्तरीय समन्वय बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा एचएसआईआईडीसी, नगर निगम, पुलिस, विद्युत विभाग और अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की। और कहा कि जहां अवसंरचना विश्वसनीय हो, शासन उत्तरदायी हो और सुविधा प्रदान करने की प्रक्रिया सक्रिय हो, वहीं औद्योगिक विकास फलता-फूलता है। उन्होंने यह भी बताया कि उद्योग प्रतिनिधियों के साथ निरंतर संवाद के माध्यम से लंबे समय से लंबित मुद्दों को ठोस, निगरानी योग्य कार्य योजनाओं में बदला गया है। सचिन गुप्ता ने उद्यमियों की दैनिक संचालन संबंधी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नगर निगम को निर्देश दिए कि औद्योगिक इकाइयों की प्रॉपर्टी आईडी में त्रुटियों के त्वरित सुधार हेतु विशेष शिविर आयोजित किए जाएं। सभी आईएमटी क्षेत्रों में संरचित दैनिक कचरा संग्रह व्यवस्था लागू की जाएगी, जिसके लिए उद्योगों और नगर निगम की टीमों के बीच स्पष्ट समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा।

### कई सुविधाओं पर विस्तार से की गई चर्चा

सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन सभी आईएमटी क्षेत्रों में सीवरेज व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, वर्षा जल निकासी तथा आंतरिक सडक़ों सहित प्रमुख नागरिक एवं औद्योगिक अवसंरचना का योजनाबद्ध एवं समयबद्ध उन्नयन सुनिश्चित करेगा। क्षतिग्रस्त सडक़ों की मरम्मत की जाएगी, स्पीड ब्रेकरों का युक्तिकरण होगा तथा सडक़ चिह्नांकन और संकेतक सुधारे जाएंगे। सभी आईएमटी क्षेत्रों में स्ट्रीट-लाइटिंग कार्यों को छह माह की समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही हरित पट्टियों एवं साझा नागरिक सुविधाओं के विकास पर भी ध्यान दिया जाएगा। गुप्ता ने हिसार रोड स्थित आईएमटी क्षेत्र पर विशेष फोकस करते हुए कहा कि वहां सीवरेज, वर्षा जल निकासी और जल आपूर्ति से संबंधित कार्यों को 15 मई तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पुराने नेटवर्क को बदलने तथा जलभराव की समस्या से स्थायी समाधान के लिए विस्तृत कार्य योजना के साथ इन कार्यों को तेजी से पूरा किया जा रहा है।

**मानसरोवर हॉस्पिटल**
**REQUIRES**
- Nursing Staff 4
- ICU Staff 6
- PRO/Marketing Executive 6
- Ward Boy 2
- Gate Keeper 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

**MANSAROVER HOSPITAL**
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
- Neuro Surgery
- General Medicine
- General Surgery
- Orthopedics
- ब्रेन, रीढ़ की हडिड्यों का ईलाज
- दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
- पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज

फौजी भाईयों का इलाज ECHS

- हरियाणा सरकार
- आयुष्मान भारत
- ESIC

के पैनल पर
DR. BALKISHAN GOEL
M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

## खबर संक्षेप



**महम।** राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में समरीन रही प्रथम

**महम।** जाट सेवक संघ द्वारा जाट समाज के 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजित की गई। परीक्षा का आयोजन 28 दिसंबर को पूरे प्रदेश में किया गया। संघ के संस्थापक सदस्य हरि ओम राठी ने बताया कि परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। जाट सेवक संघ के अध्यक्ष राजेश बडाला ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र की समरीन कौर ने प्रथम रैंक हासिल किया है व हिसार के विभव सिहाग ने द्वितीय रैंक हासिल किया। हिसार के भव्य गिल तीसरे, फरीदाबाद के आरव सिंह चौथे और फरीदाबाद के की अरायना सिंह पांचवें स्थान व कैथल की नीतू छठे स्थान पर रही। सांत्वना पुरस्कार के लिए 50 की सूची जारी की गई। परीक्षा के सफल संचालन व परिणाम तैयार करने में जाट सेवक संघ के संस्थापक सदस्य व आधारशिला कोचिंग सेंटर के संस्थापक अनिल पातड़ व साथी अश्वनी महला, अजय न्यौल व अन्य टीम सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### 100 से अधिक शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण

**रोहतक।** मदवि में नववर्ष 2026 के अवसर पर एससी-बीसी वर्ग सहित बजटेड एवं स्वयं वित्त पोषित (एसएफएस) श्रेणी के 100 से अधिक शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली गई है। विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने कुलपति प्रो. राजबीर सिंह को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। शिक्षकों ने बताया कि बजटेड शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया पहले ही पूर्ण हो चुकी है, एसएफएस शिक्षकों की सीएएस पदोन्नति के साक्षात्कार केवल पिछले तीन महीनों में सफलतापूर्वक संपन्न कराए गए हैं।

# डेढ़ करोड़ से होगा लिंक मार्ग का निर्माण

- मार्केट कमेटी के चैयरमेन उदयभान मलिक ने नारियल फोड़कर शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांपला



कस्बे के पूर्व दिशा में नेशनल हाईवे नंबर 9 से खरखौदा मार्ग को जोड़ने वाले लिंक रोड का जल्द ही निर्माण होगा। इसके निर्माण पर करीब डेढ़ करोड़ रुपए खर्च होंगे।

नव वर्ष पर मार्केट कमेटी के चैयरमेन उदयभान मलिक ने निर्माण कार्य को लेकर नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। निर्माण होने पर वाहन चालकों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। यह लिंक रोड लंबे समय से टूटा हुआ था। रोड में गहरे गड्ढे होने की वजह से आवा गमन को लेकर वाहन चालक काफी परेशान हैं। लंबे समय से लंबित सड़क की मांग पूरी होने पर लोगों ने चैयरमेन का आभार व्यक्त किया। लोगों ने कहा कि सड़क के निर्माण से बारिश के मौसम में होने वाली परेशानियों से निजात मिलेगी। चैयरमेन उदयभान मलिक ने मौजूद ठेकेदार को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का उपयोग किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़क टिकाऊ और मजबूत होनी चाहिए, ताकि लोगों को लंबे समय तक सुविधा मिल सके।

**18 फीट चौड़ा होगा**

मार्केट कमेटी के एसडीओ राजेश कुमार ने बताया कि तीन किमी लंबे यह लिंक रोड 18 फीट चौड़ा होगा। जिस पर करीब डेढ़ करोड़ रुपए खर्च होंगे। मार्च तक बन कर तैयार हो जाएगा। मौके पर वायस चेयरमैन बंसी लाल मक्कड़, प्रमोद कुमार सचिव सविता विजय कुमार आदि मौजूद थे।

# रुपया चौक पर लगेगी हाईमास्ट लाइट

- रोहतक को नंबर वन शहर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य : बोहर

हरिभूमि न्यूज ⏩ रोहतक

झज्जर रोड स्थित रुपया चौक पर 55 फीट ऊंची हाईमास्ट लाइट लगाई जाएगी, जिससे चौक पूरी तरह रोशन होगा और धुंध के समय विजिबिलिटी बेहतर होगी। इस लाइट का काम मनोनीत पार्षद अनीता गर्ग व रमेश बोहर द्वारा नारियल फोड़कर शुरू किया गया। इस अवसर पर पार्षद रमेश बोहर ने कहा कि रोहतक को नंबर वन शहर बनाने के लिए हरियाणा सरकार के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर के मार्गदर्शन में निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि रोहतक के विकास के लिए बजट की कोई कमी नहीं है और सभी योजनाओं को शीघ्र पूरा किया जाएगा। उन्होंने स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा कि नगर निगम रोहतक को स्वच्छता में नंबर वन बनाने के लिए विशेष अभियान चला रहा है और इसमें जनता का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। पार्षद अनीता गर्ग ने कहा कि महिलाएं गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग करके नगर निगम की गाड़ी में डालें। यदि किसी प्रकार की समस्या हो तो तुरंत नगर निगम को अवगत कराएं। इस मौके पर ट्रस्ट अध्यक्ष सुशील गुप्ता, महासचिव शंकर लाल गर्ग, देशराज बंसल, मुकेश गुप्ता, प्रेम गर्ग, पुनीत गर्ग सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



**रोहतक।** रुपया चौक पर लगने वाली हाईमास्ट लाइट का नारियल फोड़कर शुभारंभ करते मनोनीत पार्षद अनीता गर्ग व रमेश बोहर। *फोटो : हरिभूमि*

# नेपाल से चार माह पहले ही रोहतक आया था राजकुमार

**फौजी फार्म हाउस में अंगीठी से निकली गैस का शिकार हुआ एक का पोस्टमॉर्टम हुआ, दो का आज होगा**

हरिभूमि न्यूज ⏩ रोहतक

कच्चा चमारिया रोड स्थित फौजी फार्म हाउस में अंगीठी से निकली गैस का शिकार हुआ राजकुमार चार माह पहले ही रोजगार की तलाश में रोहतक आया था। मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है। बुधवार हुए हादसे में तीन युवक शिकार हुए थे। इनमें से एक युवक का पोस्टमॉर्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया, दो अन्य शवों का पोस्टमॉर्टम उनके परिजनों के पहुंचने के बाद शुक्रवार को किया जाएगा। मृतकों की पहचान कमल, राजकुमार और संतोष के रूप में हुई है। तीनों की उम्र करीब 22 वर्ष बताई जा रही है और वे मूल रूप से नेपाल के रहने वाले थे। तीनों युवक रोजगार के सिलसिले में रोहतक आए हुए थे और अलग-अलग प्रोपर्टी डीलरों के कार्यालयों में काम करते थे। नए साल के अवसर पर उन्हें कच्चा चमारिया रोड स्थित पटाखा फैक्ट्री के पास बने फौजी फार्म हाउस पर खाना बनाने और अन्य कामों के लिए बुलाया गया था। यह फार्म हाउस नरेंद्र पुत्र कर्मवीर, निवासी सेक्टर-34 का बताया जा रहा है।



**रोहतक।** मृतक संतोष का फाइल फोटो।

**नए साल की पार्टी बनी हादसे की वजह**

31 दिसंबर की रात फौजी फार्म हाउस पर नए साल की पार्टी आयोजित की गई थी। फार्म हाउस मालिक नरेंद्र दोस्तों के साथ देर रात तक पार्टी करता रहा। पार्टी समाप्त होने के बाद नरेंद्र और उसके साथी घर चले गए। इसके बाद फार्म हाउस पर मौजूद तीनों युवकों ने भी पार्टी की। सर्दी अधिक होने के कारण उन्होंने कमरे के अंदर अंगीठी जलाई और सो गए। कमरे में वेंटिलेशन की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण अंगीठी का धुआं भर गया, जिससे तीनों की दम घुटने से मौत हो गई। बुधवार दोपहर बाद जब फार्म हाउस पर हलचल नहीं दिखी तो कमरे की जांच की गई। अंदर का नजारा देखकर लोग सन्न रह गए। तीनों बेसुध हालत में पड़े मिले। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस के जरिए उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए पीजीआई रोहतक भेजा गया।



**रोहतक।** मृतक कमल का फाइल फोटो।

**दिल्ली में होगा अंतिम संस्कार**

राजकुमार के चचेरे भाई अनिल ने बताया कि समय और दूरी की वजह से शव को न तो गुरुग्राम ले जाया जा सकता है और न ही नेपाल भेजना संभव है। इसलिए राजकुमार का अंतिम संस्कार दिल्ली के कश्मीरी गेट के पास स्थित बौद्ध स्थल पर किया जाएगा। परिवार इस हादसे से गहरे सदमे में है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**कमल के परिजन नेपाल से रवाना हो चुके**

**यहां पहुंचे पर कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी**

मृतकों में से राजकुमार का पोस्टमॉर्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं संतोष और कमल के शवों का पोस्टमॉर्टम उनके परिजनों के पहुंचने के बाद किया जाएगा। संतोष के परिजन रोहतक पहुंच चुके हैं, जबकि कमल के परिजन नेपाल से रवाना हो चुके हैं। उनके आने के बाद ही कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

**राजकुमार को लाया था संतोष**

- मृतकों की पहचान कमल राजकुमार व संतोष के रूप में हुई, तीनों की उम्र करीब 22 वर्ष बताई जा रही

मृतक राजकुमार के परिजनों ने बताया कि वह करीब चार महीने पहले ही काम के सिलसिले में रोहतक आया था। उसका परिवार फिलहाल गुरुग्राम में रहता है और नेपाल में भी उनका आना-जाना लगा रहता है। राजकुमार को उसका दोस्त संतोष ही रोहतक लेकर आया था और उसी ने उसे नौकरी पर लगवाया था। दोनों अच्छे दोस्त थे और नेपाल में साथ पढ़ाई भी कर चुके थे। एक साथ काम और रहने के दौरान उनकी दोस्ती और भी गहरी हो गई थी।

**पुलिस की जांच तेज**

सिटी थाना प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि कच्चा चमारिया रोड स्थित फौजी फार्म हाउस से तीन शव बरामद हुए थे। प्रारंभिक जांच में किसी प्रकार की मारपीट या आपराधिक घटना के संकेत नहीं मिले हैं। प्रथम दृष्टया मामला अंगीठी के धुएं से दम घुटने का प्रतीत हो रहा है। पुलिस फार्म हाउस के मालिक और वहां मौजूद अन्य लोगों से पूछताछ कर रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों की आधिकारिक पुष्टि की जाएगी।



**रोहतक।** आरोपित पुलिस की गिरफ्त में। *फोटो : हरिभूमि*

# अलग-अलग स्थानों से दो युवक अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏩ रोहतक

पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो युवकों को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दो देसी पिस्तौल और एक जिंदा रौंद बरामद किया गया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से एक आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

**सीआईए-1 की कार्रवाई**

सीआईए-1 स्टाफ प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि दिल्ली रोड सांपला के कुलताना मोड़ के पास गश्त पर मौजूद थी। गुप्त सूचना पर शक एक युवक को काबू किया गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम हर्ष निवासी सांपला बताया। नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी पिस्तौल और एक जिंदा रौंद बरामद हुआ। इस पर आरोपी के खिलाफ थाना सांपला में केस दर्ज गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में गश्त बढ़ाई जा रही है, ताकि किसी भी आपराधिक गतिविधि पर समय रहते रोक लगाई जा सके।

**सीआईए-2 की कार्रवाई**

वहीं दूसरी ओर, सीआईए-2 स्टाफ प्रभारी उप-निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि सीआईए-2 की टीम रोहतक-झज्जर रोड के पास गश्त कर रही थी। इस दौरान एक युवक को संदिग्ध हालत में रोककर पूछताछ की गई। युवक की पहचान प्रिंस निवासी कुतुबगढ़ नई दिल्ली के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी पिस्तौल बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ थाना सांपला में केस दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया गया है।

## दूध महोत्सव का आयोजन



**कलानौर।** नस्ल बचाओ अभियान के तहत नव वर्ष पर शुक्रवार को कलानौर शहर की बस स्टैंड वाली गली में नशे के खिलाफ जागृति के लिए दूध महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को सर्दी के मौसम में गर्म दूध पिलाकर नशे के नुकसान की जानकारी दी गई। स्थानीय लोगों से आग्रह किया गया कि वे नशा करने वालों तथा बेचने वालों को नशा छुड़वाकर मुख्य धारा में सम्मिलित करवाएं। भाजपा जिला प्रभारी (सभी प्रकोष्ठ) रोहतक डॉ अशोक कुमार रंगा ने उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए कहा कि समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए सरकार के साथ साथ सामाजिक लोगों को भी आगे आना होगा। पार्षद सन्नी ने युवाओं व अन्य लोगो को नशे को लेकर सचेत किया। इस अवसर पर कालू आनन्द पार्षद प्रतिनिधि ने भी नशे से मुक्ति, दूध में शक्ति के नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। दूध महोत्सव को सफल बनाने के लिए कलानौर पुलिस चौकी प्रभारी राकेश व पुलिस स्टाफ भी उपस्थित रहा। वहीं मामन सैनी, गुल्लू शर्मा, कालू नागपाल, अनिल दहमा, संयम मेहरा , योगेश चुघ, राजेश, रितेश, नरेन्द्र,सीटू वधवा,राजन, रामदिया ने विशेष सहयोग किया।

**नशा रोकने के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी आगे आना होगा : डॉ रंगा**

# शिवाजी कॉलोनी में मोबाइल छीनने की वारदात का खुलासा

- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏩ रोहतक

पुलिस ने शिवाजी कॉलोनी क्षेत्र में मोबाइल फोन छीनने की वारदात को सुलझाते हुए घटना में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

थाना शिवाजी कॉलोनी के प्रभारी निरीक्षक राकेश सैनी ने बताया कि राजेंद्र कॉलोनी निवासी संजय की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। शिकायत के अनुसार 31 दिसंबर को संजय किसी काम से सब्जी मंडी गया हुआ था। काम निपटाकर जब वह वापस अपने घर की ओर जा रहा था, तभी मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों ने उसके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया और मौके से फरार हो गए।

**आरोपी की पहचान**

मामले की जांच मुख्य सिपाही सुभाष द्वारा की गई। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों, तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान शुरू की। इसी क्रम में 1 जनवरी 2026 को पुलिस ने वारदात में शामिल आरोपी निट्टू पुत्र जयभगवान, निवासी रामनगर कॉलोनी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है ताकि उसके अन्य साथियों और छीने गए मोबाइल फोन के बारे में जानकारी हासिल की जा सके। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि आरोपी पहले भी किसी आपराधिक गतिविधि में शामिल रहा है या नहीं।

# गजेंद्र फौगाट फ्लोरबाल संघ के प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त



**रोहतक।** मुख्यमंत्री के ओएसडी व राष्ट्रीय पदक प्राप्त खिलाड़ी व कलाकार गजेंन्द्र फौगाट को शुक्रवार को हरियाणा फ्लोरबाल संघ का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया। फ्लोरबाल संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपेंद्र आर्य ने बताया कि फ्लोरबाल संघ की महत्वपूर्ण बैठक मानसरोवर पार्क स्थित श्रीराम रंगशाला में आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति सभी जिलाध्यक्षों व पदाधिकारियों ने गजेंद्र फौगाट के नाम पर एकमत से मुहर लगाई। इसमें फ्लोरबाल संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपेंद्र आर्य,कुरुक्षेत्र के जिला सचिव प्रदीप शर्मा, यमुनानगर से कृष्ण मलिक, हिसार से नीरज वर्मा, भिवानी से अनुराग सिवाच, पलवल से सुरेंद्र कुमार, सोनीपत के अध्यक्ष सोमबीर मलिक, करनाल से स्लामदिन, अंतरराष्ट्रीय रेफरी डॉ. मोनी जून, प्रोफेसर व वैश्य महिला महाविद्यालय की प्राध्यापिका सुरजीत नीमा, खेल अधिकारी मुकेश, अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग कोच अनिल धनखड़, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मनीषा, चेष्टा छिल्लर, कर्मजीत नैन उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रदेश के संघ उपाध्यक्ष सुभाष रुहिल व विकास, महासचिव सुशील शास्त्री, कोषाध्यक्ष सुरजीत नैन ने पगड़ी व फूल मालाओं से गजेंद्र फौगाट का स्वागत किया ।

## हरियाणा जंप रोप संघ के तत्वावधान में सेमिनार एवं किट वितरण समारोह संपन्न



**रोहतक।** एमएस सरस्वती स्कूल माता दरवाजा के प्रांगण में खिलाड़ियों की किट वितरण करते समाजसेवी राकेश सैनी, जोक्सो स्पोर्ट्स वेयर के डायरेक्टर नीरज खुराना ,संस्थापक वीर सिंह आर्य व हरियाणा जंप रोप संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. दीपक भारद्वाज ।

**रोहतक।** हरियाणा जंप रोप संघ के तत्वावधान में एमएस सरस्वती स्कूल माता दरवाजा के प्रांगण में जंप रोप टीम का सेमिनार एवं किट वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा जंप रोप संघ के संस्थापक वीर सिंह आर्य ने की। वीर सिंह आर्य ने बताया कि हरियाणा जंप रोप संघ की चयनित टीम में 14 लड़के एवं 14 लड़कियां शामिल हैं, जिनमें जींद, गुरुग्राम और रोहतक जिलों के प्रतिभाशाली खिलाड़ी सम्मिलित हैं। यह टीम 5 से 7 जनवरी 2026 तक चेन्नई, तमिलनाडु में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय जंप रोप खेल प्रतियोगिता में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेगी। खिलाड़ियों को शुभकामनाएं एवं किट वितरण करने हेतु रोहतक के वरिष्ठ समाजसेवी राकेश सैनी, जोक्सो स्पोर्ट्स वेयर के डायरेक्टर नीरज खुराना, श्रीमद् जगतगुरु शंकराचार्य ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. गोपाल कृष्ण, हरियाणा जंप रोप संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. दीपक भारद्वाज (एडवोकेट) एवं रोहतक जंप रोप संघ के अध्यक्ष आजाद बुधवार विशेष रूप से उपस्थित रहे।राकेश सैनी ने खिलाड़ियों को शुभ आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं डॉ. दीपक भारद्वाज एडवोकेट ने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता की प्रक्रिया के बारे में मार्गदर्शन दिया। टीम के साथ कृष्ण दलाल एवं हिमांशु कोच की भूमिका में, जबकि लड़कियों की टीम की कोच कुसुम सैनी एवं टीम मैनेजर प्रीति दलाल टीम के साथ चेन्नई रवाना होंगी। डॉ. गोपाल कृष्ण ने बताया कि यह टीम 10 जनवरी 2026 को प्रतियोगिता से वापस लौटेगी और रोहतक पहुंचने पर खिलाड़ियों का स्वागत किया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ. गोपाल कृष्ण, राकेश सैनी, डॉ. दीपक भारद्वाज एडवोकेट, नीरज खुराना, कृष्णा दलाल, वीर सिंह आर्य, ज्योति शर्मा, साक्षी रोहिल्ला, मनजीत बुधवार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**गत वर्ष जनवरी से अक्टूबर तक बंद रहा था सीएएक्यूएम स्टेशन, अब भी ठीक से नहीं कर रहा काम**

# दिसंबर माह में 13 दिन तो प्रदूषण स्तर का पता ही नहीं चला, शेष बचे 18 में भी सांस लेने के लायक नहीं थी हवा

अमरजीत एस गिल ⏭ रोहतक

स्वच्छ हवा को लेकर बीते तीन महीने से पूरे एनसीआर दिल्ली में हाय तौबा मची हुई है। लोगों को सांस लेने के लिए अनुकूल वायु मिलेगी या नहीं, इस प्रश्न का जवाब भविष्य के गर्भ में है। लेकिन हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड(एचपीसीबी) हवा के डाटा को लेकर बिल्कुल ही संवेदनहीन बना हुआ है।

बोर्ड के पास एक्यूआई का ऑनलाइन डाटा भी ठीक से उपलब्ध नहीं है। गत दिसंबर के सरकारी एक्यूआई डाटा पर कोई भी सरसरी नजर डालेगा तो वह हैरत में पड़ जाएगा कि लोगों को 13 दिन ये ही पता नहीं चला कि वायु में पीएम 2.5 की मात्रा कितनी है। बाकि के 18 दिन भी लोगों को सांस लेने के लिए स्वच्छ हवा नहीं मिली।

इन 18 दिन में 16 दिसंबर को पीएम 2.5 की मात्रा 421 रिकॉर्ड की गई। ध्यान ये भी रहे कि रोहतक शहर का एक्यूआई गत 11 नवंबर को अभी तक का सर्वाधिक 428,12 को 418 और 13 को 404 रिकॉर्ड किया गया है।



**पीएम 2.5 ही शरीर को सबसे ज्यादा पहुंचाता है नुकसान**

ध्यान रहे कि पॉल्यूशन बोर्ड ने रोहतक शहर की आबोहवा में पीएम 2.5 समेत दूसरे पॉल्यूटेंट की मात्रा का अध्ययन करने के लिए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में कंटीन्यूअस एम्बिएंट एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन(सीएएक्यूएमएस) स्थापित किया हुआ है। लेकिन बीते एक साल से सीएएक्यूएम स्टेशन से त्रुटि रहित ऑनलाइन डाटा उपलब्ध नहीं हो रहा। पीएम 2.5 ही शरीर को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाता है। जबकि अन्य पॉल्यूटेंट का कम असर डालते हैं। इसलिए शहर के लोगों को हवा में 2.5 की मात्रा कितनी है, इसकी ऑनलाइन जानकारी मिलनी चाहिए। लेकिन मिल नहीं रही। मालूम रहे कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड समीर एप के माध्यम से लोगों को वायु की स्वच्छता की जानकारी उपलब्ध करवाता है। इसके लिए देशभर के 242 शहरों में 463 सीएएक्यूएम स्टेशन स्थापित किए हैं। इनमें रोहतक भी शामिल है। पीएम 2.5पार्टिकुलेट मैटर हवा में पाए जाने वाले ठोस कणों और तरल बूंदों का मिश्रण होता है। पार्टिकुलेट मैटर का आकार लगभग 2.5 माइक्रोमीटर चौड़ा होता है, जो मानव बाल की मोटाई से करीब 28 गुना पतला है। ये देखा जा सकता है। लेकिन खुले में नहीं। किसी भी बंद जगह में जहां बीम लाइट पहुंचती हों, वहां नंगी आंख से ही दिखाई देता है। प्रदूषण के स्त्रोतों को लेकर अभी तक एकमत नहीं है। इसको लेकर रुटिन अध्ययन जारी हैं। बताया जा रहा है कि परिवहन, उद्योग, पावर प्लांट, सड़क की धूल और निर्माण पॉल्यूशन बढ़ाने के लिए जिम्मेदार हैं। पीएम 2.5 में ट्रांसपोर्ट का हिस्सा 17.9 से 39.2 प्रतिशत बताया जाता है। औद्योगिक इकाईयां भी प्रदूषण का एक बड़ा कारण है। 2.3 से 28 फीसदी तक पॉल्यूशन इंडस्ट्रीज पैदा करती है। ऐसा पर्यावरण का अध्ययन कर रहे विशेषज्ञों का मानना है। निर्माण कार्यों से 2.2 से 8.4 प्रतिशत प्रदूषण फैलता है।

**ये है मात्रा**

| | | | |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 दिसंबर को | उपलब्ध नहीं | 16 | 421 |
| 2 | उपलब्ध नहीं | 17 | 385 |
| 3 | उपलब्ध नहीं | 18 | उपलब्ध नहीं |
| 4 | उपलब्ध नहीं | 19 | उपलब्ध नहीं |
| 5 | उपलब्ध नहीं | 20 | 279 |
| 6 | उपलब्ध नहीं | 21 | 337 |
| 7 | 151 | 22 | 327 |
| 8 | 72 | 23 | उपलब्ध नहीं |
| 9 | 71 | 24 | 340 |
| 10 | उपलब्ध नहीं | 25 | 103 |
| 11 | उपलब्ध नहीं | 26 | उपलब्ध नहीं |
| 12 | 285 | 27 | 217 |
| 13 | 298 | 28 | 244 |
| 14 | उपलब्ध नहीं | 29 | 178 |
| 15 | 281 | 30 | 151 |
| | | 31 | 151 |

**पोल्यूटेंट के बारे में जानें**

पोल्यूटेंट का अर्थ प्रदूषण करने वाला पदार्थ होता है। ये ऐसे हानिकारक पदार्थ या ऊर्जा (जैसे गर्मी) होते हैं जो हवा, पानी, या मिट्टी में मिलकर उन्हें दूषित करते हैं। जिससे मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। जैसे कि वाहनों का धुआं, औद्योगिक कचरा, कीटनाशक या जहरीली गैसें हमारे शरीर को लेकर काफी नुकसान करती हैं।